# विषय : सामाजिक विज्ञान Set-A

नोटः सभी प्रश्न हल कीजिए।

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 1 में दो खण्ड हैं। खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न है एवं खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है।

1. (खण्ड-अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(i) अमेरिका प्रथम विश्व युद्ध में कब शामिल हुआ ?

(अ) सन् 1915 में (ब) सन् 1916 में

(स) सन् 1917 में (द) सन् 1918 में

(ii) भारत के सबसे प्राचीन वेद का नाम है :

(अ) अजुर्वेद (ब) सामवेद

(स) अथर्ववेद (द) ऋग्वेद

(iii) छत्तीसगढ़ में टोनही प्रताड़ना अधिनियम कब लागू हुआ ?

(अ) 2005 (ब) 2006

(स) 2004 (द) 2007

(iv) मूल्य वृद्धि नियंत्रित करने का उपाय है :

(अ) राशनिंग (ब) ब्याज दर में कमी

(स) उत्पादन में वृद्धि (द) उपर्युक्त सभी

(v) भारत में जनगणना कितने वर्ष बाद होती है ?

(अ) 10 वर्ष (ब) 5 वर्ष

(स) 15 वर्ष (द) 12 वर्ष

1. (खण्ड-ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) संयुक्त राष्ट्र संघ के वर्तमान महासचिव .................... हैं

(ii) शारीरिक या मानसिक रूप से असक्षम व्यक्ति .................... कहलाते हैं

(iii) ऑपरेशन फ्लड का संबंध .................... से है।

(iv) विश्व में अत्यधिक जनसंख्या वाला देश .................... है।

(v) भिलाई इस्पात संयंत्र .................... की सहायता से स्थापित है।

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 2 से 9 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 30 शब्द)

2. उपभोक्ता की बचत की धारणा को सर्वप्रथम किसने प्रस्तुत किया ?
3. 'खुले द्वार की नीति' से आप क्या समझते हैं ?
4. अफ्रीका में वर्ष 1960 को 'अफ्रीका वर्ष' क्यों कहा जाता है ?
5. भक्ति आन्दोलन के प्रमुख संतों के नाम लिखिए।
6. घरेलू हिंसा से आप क्या समझते हैं ?
7. श्रम विभाजन से समाज को क्या लाभ होता है ?
8. छत्तीसगढ़ में कितने तरह के विवाह प्रचलित हैं ?
9. जिला न्यायाधीश व सत्र न्यायाधीश में अन्तर बताइए।

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 10 से 15 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द)

10. 'शीत युद्ध' से आप क्या समझते हैं ? यह किन दो देशों के बीच हुआ था ?
11. छत्तीसगढ़ की चित्रकला की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए।
12. विधान सभा अध्यक्ष के तीन कार्य लिखिए।
13. उपभोक्ता की बचत के कोई तीन महत्वपूर्ण विशेषताएँ लिखिए।
14. जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन द्वारा किये गये कोई तीन उपाय लिखिए।
15. श्रम विभाजन से उत्पादकों को क्या हानियाँ होती हैं ?

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 75 शब्द)

16. भारत में वस्त्रोद्योग का वितरण लिखिए।

**अथवा**

कृषि आधारित उद्योगों और खनिज आधारित उद्योगों की तुलना कीजिए।

17. मृदा अपरदन क्या है ? इसके तीन कारण लिखिए।

**अथवा**

भारतीय कृषि की कोई चार विशेषताएँ लिखिए।

18. मूल्य वृद्धि से आप क्या समझते हैं ? मूल्य वृद्धि को रोकने के कोई तीन उपाय लिखिए।

**अथवा**

गरीबी से आप क्या समझते हैं ? गरीबी के प्रकारों को समझाइए।

19. "बाल श्रमिकों की स्थिति में सुधार आवश्यक है।" क्यों ?

**अथवा**

सामाजिक चेतना को प्रभावित करने वाले किन्हीं चार तत्वों को लिखिए।

20. परमाणु शक्ति को मानवजाति के लिए खतरा क्यों माना गया है ?

**अथवा**

एशियाई एवं अफ्रीकी देशों में राजनैतिक पुनर्जागरण के कोई चार कारण बताइए।

21. नाज़ीवाद के उद्देश्य क्या थे? नाजी का पूरा नाम लिखिए।

**अथवा**

फासीवाद और नाज़ीवाद की मुख्य समानताएँ क्या थीं ?

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 22 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 100 शब्द)

22. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए :

(a) दिल्ली-कोलकाता रेलमार्ग (b) कर्क रेखा

(c) भाखरा नांगल बांध (d) खम्भात की खाड़ी

(e) मुम्बइ हाई

**अथवा**

भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए :

(a) दिल्ली-चेन्नई रेलमार्ग (b) कच्छ की खाड़ी

(c) नर्मदा नदी (d) अंकलेश्वर

(e) कराकोरम दर्रा

23. मुम्बई हाई का महत्व लिखिए।

**अथवा**

खनिज संसाधनों के आर्थिक महत्व क्या है ?

24. केन्द्रीय मंत्रिमण्डल पर लोकसभा किस प्रकार नियंत्रण करती है ? स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

लोकसभा अध्यक्ष की कार्यों और शक्तियों का वर्णन कीजिए।

25. साम्राज्यवाद के **पाँच** नकारात्मक प्रभावों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

उपनिवेशवाद एवं नव-उपनिवेशवाद में अन्तर लिखिए।

**निर्देश:** प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 150 शब्द )

26. द्वितीय विश्व युद्ध के **छः** कारणों पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी की पराजय के छः कारण बताइए।

27. भारत में कितने प्रकार के वन पाये जाते हैं ? किन्हीं **दो** का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

"कृषि भारत की आत्मा और अर्थव्यवस्था का आधार है।" समझाइए।